मेरठ में ब्रांडेड कंपनी का नकली स्पेयर पार्ट्स बरामद, सप्लाई करने वाला दबोचा

मेरठ। मेरठ में ब्रांडेड कंपनी का नकली स्पेयर पाट्र्स बरामद हुआ है। पुलिस ने इस मामले में नकली पार्ट्स सप्लाई करने वाले युवक को गिरफ्तार किया है। थाना ब्रह्मपुरी क्षेत्र में माधवपुरम बिजलीघर के पास से पुलिस ने ब्रांडेड कंपनी के दोपहिया वाहनों के नाम से नकली स्पेयर पार्ट्स बरामद कर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपी दिल्ली से स्पेयर पार्ट्स लाकर कंपनी के नाम से क्षेत्र में सप्लाई करता था। चंडीगढ़ के सेक्टर 110, 111 स्थित कंपनी के फील्ड मैनेजर निखिल ठाकुर ने ब्रह्मपुरी थाने में शिकायत करते हुए बताया कि गढ़ रोड भोपाल विहार निवासी सुमित कुमार काफी समय से ब्रांडेड कंपनी का मार्का लगाकर नकली स्पेयर पार्ट्स सप्लाई कर रहा है। एसआई संजीव कुमार टीम के साथ माधवपुरम में बिजलीघर के पास पहुंचे और सुमित कुमार की गाड़ी की तलाशी लेने पर 310 नकली स्पेयर पार्ट्स बरामद हुए। जो ब्रांडेड कंपनी की पैकिंग में थे। पुलिस ने स्पेयर पार्ट्स जब्त कर लिए और आरोपी को थाने ले आई। इंस्पेक्टर ब्रह्मपुरी विष्णु कौशिक ने बताया कि आरोपी के खिलाफ कॉपीराइट एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर चालान कर दिया गया।

Source: https://royalbulletin.in/supplier-of-fake-spare-parts-of-branded-company-recovered-in-meerut-caught/86289